# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–08 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गौतमबुद्धनगर के सेक्टर एक सौ बत्तीस में सिफी डाटा सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश ने कारोबारी सुगमता के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगायी है। गौतमबुद्धनगर के अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा में शारदा केयर हेल्थ सिटी का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले आठ साल में चालीस नये मेडिकल कॉलेज बनाये गये हैं। इसके अलावा निजी क्षेत्र में सैंतीस और पीपीपी मॉडल पर तीन मेडिकल कॉलेज स्थापित किये गये हैं।

**कॉलेज ऐसे बने हैं जो पीपीपी मोड पे जिसमें गवर्नमेंट ने भी अपनी पॉलिसी वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज की जो जनपद ऐसे थे जहां पर न निजी क्षेत्र के न गवर्नमेंट ने कोई मेडिकल कॉलेज बना पाया था, वहां पर हम लोगों ने नये मेडिकल कॉलेज स्थापना करने के लिये जो कदम बढ़ाये उस क्रम में भी नये मेडिकल कॉलेज– महराजगंज जनपद में, सम्भल में और शामली में बनकर के तैयार हो चुकी है। इस सत्र में उसमें एडमिशन एनएमसी ने कर दिया।**

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि देश में सर्वाधिक दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत के गोल्डेन कार्ड उत्तर प्रदेश में दिये गये हैं।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने घोषणा की है कि सरकार अगले पांच वर्ष में चिकित्सा शिक्षा में पचहत्तर हजार नई सीटें बढ़ाने पर विचार कर रही है। श्री नड्डा आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में एक सौ एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**********

आज पूरे देश में महिला दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला दिवस पर समस्त मातृशक्ति को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज गोष्ठियों, रैलियों और सम्मान समारोहों का आयोजन कर समाज और राष्ट्र के विकास में महिला शक्ति के योगदान की सराहना की गयी। वाराणसी के बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रेक्षागृह में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कारखाना से सेवानिवृत्त होने वाली महिला कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**********

आकाशवाणी समाचार आज एक अलग और अनूठे अंदाज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। आज हिन्दी और अंग्रेजी के सभी समाचार बुलेटिन महिला समाचार वाचकों द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

***आज के सभी मुख्य और प्रति घंटे के बुलेटिन तथा हिन्दी और अंग्रेजी के समाचार पत्रिका कार्यक्रम भी महिला वाचकों द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे हैं। इसके अलावा आज हिन्दी और अंग्रेजी समाचार कक्ष के पूरे कामकाज का संचालन भी आकाशवाणी समाचार सेवा प्रभाग की महिला कर्मचारी कर रही हैं। समाचार सेवा प्रभाग आज रात सवा नौ बजे से दस बजे तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष परिचर्चा प्रसारित करेगा। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से करिश्मा रॉय।***

**********

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के संयोजन में आयोजित होने वाली राज्य संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अभी तक ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि आज तक तय थी। अब अभ्यर्थी पचीस मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। साथ ही एक अप्रैल तक विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

**********

होली के पर्व के अवसर पर रंगभरी एकादशी से पहले वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा आज श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा में विराजमान लड्डू गोपाल को उपहार सामग्री वाहन के माध्यम से प्रेषित की गई। इसी प्रकार श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा से भगवान लड्डू गोपाल द्वारा श्री काशी विश्वनाथ जी को भी समारोहपूर्वक भेंट प्रेषित की गई है। मथुरा से प्राप्त भेंट सामग्री को कल सुबह साढ़े छः बजे समारोहपूर्वक ग्रहण कर भगवान विश्वनाथ से अवलोकित कराया जाएगा श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा से प्राप्त रंग अबीर गुलाल का प्रयोग रंगभरी एकादशी और होली के पर्व पर भगवान विश्वनाथ को अर्पित करने में किया जाएगा।

**********

इस साल फिर राम नवमी के दिन ठीक दोपहर बारह बजे रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणें अभिषेक करेंगी। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने आज अयोध्या पहुंचे समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने यह जानकारी देने के साथ ही उम्मीद जतायी कि पन्द्रह अप्रैल तक राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जायेगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के शिखर का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसमें अट्ठारह कड़ी बननी है, जिसमें से ग्यारह कड़ी बनकर तैयार हो गयी है।

**********